# अब 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा मिलेगी

## नई दिल्ली में हुई प्री-बिड मीटिंग में वर्चुअली शामिल हुए सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल,1 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र सरकार ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत कर दी है. मप्र, स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है.**



उन्होंने बताया कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश, 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए, मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. नई दिल्ली में हुई बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव तथा विभिन्न कपंनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक पहचान दिलाई. शाजापुर-नीमच सोलर पार्कों ने 2.14 रूपए प्रति यूनिट का प्रदेश में सबसे कम टैरिफ अर्जित किया. हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रूपए प्रति यूनिट पर पीपीए हुआ, यह देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतियां, त्वरित निर्णय और उत्कृष्ट अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश की ऊर्जा क्रांति के सहभागी बनने का अनुरोध किया.

### ऊर्जा में आत्मनिर्भरता है हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल परियोजनाएं स्थापित करना नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना और सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयास से 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हरित विकास की दिशा में ऐतिहासिक सिद्ध होगी. नई दिल्ली की प्री-बिड मीटिंग में टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी., अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर, महिंद्रा सिस्टम आदि के प्रतिनिधि मौजूद थे.

## 'स्टूडेंट्स की गूंज' अभियान तेज

**भोपाल.** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने बुधवार को राजधानी के टीआईटी कॉलेज में व्यापक छात्र संपर्क एवं पंपलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित कर अपने 'स्टूडेंट्स की गूंज' अभियान को नई गति दी. अभियान के तहत विद्यार्थियों से देश की शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं तथा शिक्षा सुधार की आवश्यकता पर संवाद किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में छात्रों ने मिस्ड कॉल अभियान के माध्यम से अपना समर्थन दर्ज कराया. कांग्रेस नेता सचिन द्विवेदी ने कहा कि देश का युवा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहा है.






### एक नज़र में

#### धार का सरकारी इमामबाड़ा पुन: सील

**धार.** शहर स्थित हटवाड़ा के सरकारी इमामबाड़े को आज न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने पुन: सील कर दिया. कार्रवाई के दौरान ताजिया कमेटी ने इमामबाड़े का कब्जा प्रशासन को सौंपते हुए चाबी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सौंप दी. इंदौर उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में दोपहर को यह कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई. मोहर्रम के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के लिए न्यायालय ने निर्धारित अवधि तक इमामबाड़ा ताजिया कमेटी को उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी.

#### सब्जी मंडी में आग से लाखों का नुकसान

मुरैना. जिले के सबलगढ़ स्थित सब्जी मंडी में आज भीषण आग लगने से पांच व्यापारियों के आलू, लहसुन, प्याज सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में सात से आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है. सब्जी मंडी स्थित एक गोदाम में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास रखी लहसुन तथा अन्य कृषि उपज को भी अपनी चपेट में ले लिया. गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठने पर व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई. पुलिस, राजस्व विभाग और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं.



## अगले पांच दिन प्रदेश में बारिश-आंधी का अलर्ट

### 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार

**भोपाल, 1 जुलाई. मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग ने 5 जुलाई तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी जारी की है.**

कुछ जिलों के लिए ऑरेंज और रेड अलर्ट भी जारी किया गया है. विभाग के अनुसार अलग-अलग मौसम प्रणालियों के असर से अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा. मौसम विभाग के मुताबिक 3 और 4 जुलाई को बड़वानी और खरगोन जिले में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है. वहीं 5 जुलाई को गुना, सागर, रायसेन और रीवा संभाग के कुछ इलाकों में भी अत्यधिक बारिश का अनुमान है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा और सागर संभाग के कई जिलों में अलग-अलग दिनों में तेज बारिश, बिजली गिरने और तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है. देर शाम और रात के शुरुआती घंटों में सागर, रायसेन, उज्जैन, सतना, रीवा, मऊगंज, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पन्ना, इंदौर, देवास, धार, अलीराजपुर, झाबुआ और सिंगरौली में मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चल सकती है. वहीं भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, आगर, गुना, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया, भिंड, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, रतलाम, मंदसौर और नीमच समेत कई जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है.

**रतलाम में अधिकतम तापमान 37 .6 डिग्री**

भोपाल में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 31 .6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया. इस अवधि में 35 .2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई. गुरुवार को भी शहर में बादल छाए रहने, रुक-रुक कर बारिश होने और गरज-चमक के साथ तेज हवा चलने की संभावना है.



### दिग्विजय सिंह से मुलाकात की उमंग सिंघार ने

**भोपाल, 01 जुलाई.** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से भोपाल स्थित निवास पर बुधवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने मध्यप्रदेश के समसामयिक राजनीतिक घटनाक्रमों और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की.

## स्लीपर सेल आंतरिक कलह

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 जुलाई. कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग और मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया.**

बाद में कांग्रेस पार्टी की आंतरिक कलह पर मीडिया से चर्चा करते हुए विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को स्लीपर सेल कहना पार्टी की आंतरिक कलह का प्रत्यक्ष प्रमाण है.



कांग्रेस की गुटबाजी अब उनके कार्यालयों से निकलकर सड़कों पर दिखने लगी है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ही पार्टी की आंतरिक कलह और गुटबाजी पर खुलकर बोलने लगे हैं. धड़ों और गुटों में बंटी कांग्रेस का जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है. कांग्रेस अपनी पार्टी की आंतरिक कलह को छिपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए मीडिया की सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं.

## रेल चिकित्सालय में किया चिकित्सकों का सम्मान



**भोपाल, 01 जुलाई . राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के मंडल रेल चिकित्सालय, भोपाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में रेलवे के सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल बुक के माध्यम से रेलवे की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई.

## बेतवा नदी : विशेषज्ञों ने दिए तकनीकी सुझाव

**भोपाल, 01 जुलाई . नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत बेतवा नदी पुनरुद्धार परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और नेचर बेस्ड सॉल्यूशन (एनबीएस) पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया.**

कार्यशाला में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के ज्योति प्रसाद ने शोधित जल एवं स्लज के पुन: उपयोग तथा सतत मलजल प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. आईआईटी इंदौर के प्रो. मनीष कुमार गोयल ने जैव



विविधता संरक्षण और विकेंद्रीकृत नियोजन के नवाचारों की जानकारी दी. वहीं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के सुरेश बाबू और दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. फैयाज ए. खुदसर ने पौधारोपण एवं फ्लडप्लेन पुनर्स्थापन के महत्व पर प्रस्तुति दी.

दोपहर के सत्र में बीबीएयू लखनऊ के प्रो. वेंकटेश दत्ता, वेटलैंड इंटरनेशनल के डॉ. असगर नवाब और द नेचर कंजरवेंसी के डॉ. सुदीप्तो चटर्जी ने नेचर बेस्ड सॉल्यूशन के माध्यम से नदी पुनर्जीवन की प्रभावी रणनीतियों और सफल मॉडलों पर चर्चा की. एबीएस महाराष्ट्र की स्वाति राजेश धोतकर ने जलकुंभी के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उपयोग की संभावनाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया.

## प्रदीप अहिरवार को उपस्थित होने के निर्देश

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 01 जुलाई. मध्य प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाणपत्र से जुड़े मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है. उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने मामले की सुनवाई के लिए 6 जुलाई की तारीख तय करते हुए राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और शिकायतकर्ता तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं.**

समिति की ओर से जारी नोटिस में प्रतिमा बागरी को जाति प्रमाण पत्र से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है.

गौरतलब है कि प्रदीप अहिरवार ने अप्रैल 2025 में समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र कथित रूप से अनियमित तरीके से जारी किया गया है. शिकायत में प्रमाण पत्र की वैधता की जांच कर उसे निरस्त करने की मांग की गई थी. मामले में लंबे समय तक कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए प्रदीप अहिरवार ने जनहित याचिका दायर की थी. इस पर न्यायालय ने संबंधित प्राधिकरण को निर्धारित समयसीमा में मामले का निराकरण करने के निर्देश दिए थे.



ताजा घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदीप अहिरवार ने उम्मीद जताई कि उच्च स्तरीय छानबीन समिति निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिमा बागरी राजपूत समाज से संबंधित हैं और उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित लाभ अनुचित तरीके से प्राप्त किए हैं. हालांकि, इन आरोपों पर प्रतिमा बागरी की ओर से अब तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. समिति दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मामले में आगे की कार्रवाई करेगी.

## जंगली हाथी के हमले में किसान घायल

**शहडोल.** अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के चोई पदमनिया गांव में जंगली हाथी के हमले में एक बुजुर्ग किसान घायल हो गया. वन विभाग के सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे एक जंगली हाथी ने भोला राठौर के मकान में घुसकर कुठला में रखा धान खा लिया. बाहर निकलते समय हाथी ने कच्ची दीवार को धक्का मार दिया, जिससे दीवार गिर गई. दीवार गिरने से घर में सो रहे 70 वर्षीय भोला राठौर घायल हो गए. उन्हें देर रात जैतहरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है. वन विभाग ने घटना का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## पानी-सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन

### भोपाल-सागर मार्ग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**रायसेन, 01 जुलाई . जनपद पंचायत सांची अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदावल के ग्राम बड़ाखेड़ा, नयाखेड़ा, बागराज एवं भीमटोला के ग्रामीणों ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी से नाराज होकर बुधवार को भोपाल-सागर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया.**

ग्रामीणों का आरोप था कि लंबे समय से पेयजल संकट और जर्जर सड़कों की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक



अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं. गांवों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं खराब सड़कें आवागमन में परेशानी का कारण बनी हुई हैं. चक्काजाम की सूचना मिलते ही देवनगर तहसीलदार एवं देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## हादसों में दो की मौत नहीं मिला उचित इलाज

**देवसर .** जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम खंधौली में एवं बुढ़ाडाड़ में खेत की जुताई करते समय दो ट्रैक्टर पलट गए, जिसमें दोनों ट्रैक्टरों में सवार युवकों की मौत हो गई. दोनों युवकों की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित इलाज न होने के अभाव में बताया जा रहा है. आशीष गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खंधौली अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे. ट्रैक्टर पलटने से घायल आशीष को इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई. इसके अलावा ग्राम पंचायत बूढ़ाड़ाड़ भगरहवा टोला में ट्रैक्टर पलटने से 17 वर्षीय प्रदीप साहू पिता लाल कुमार साहू की मौत हो गई.

**प्रशिक्षण** मंत्रालय के स्टॉफ ऑफिसर से लेकर क्लास फोर को 15 में से 6 कोर्स की ट्रेनिंग लेना होगा

# ढलती उम्र में स्वयं को हाईटेक बनाएगा स्टॉफ

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 1 जुलाई. मंत्रालय में बड़े अफसरों के सहयोगी की बड़ी भूमिका निभाने वाले स्टॉफ को अब ढलती उम्र में हाईटेक बनना होगा. स्टॉफ आफिसर से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तक के लिए कुल 15 कोर्स तय कर दिए गए हैं, इन 15 में से कम से कम 6 कोर्स की ट्रेनिंग करना होगा.**

यह ट्रेनिंग भी पूरा करने के लिए एक वर्ष की डेड लाइन तय कर दी गई है. सामान्य प्रशासन विभाग के इस पत्र से मंत्रालय में पदस्थ कर्मचारियों में बेचैनी बढ़ गई है. दरअसल राज्य सरकार ने



अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर तय ट्रेनिंग कोर्स को पूरा करना अनिवार्य कर दिया है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को पत्र भेजा है. उसके बाद अब विभागों ने कर्मचारियों को लाइनअप करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे कि उन्हें ट्रेनिंग दिलाया जा सके. यह ट्रेनिंग ऑनलाइन ही होगी. ट्रेनिंग में मंत्रालय में पदस्थ सभी स्टॉफ ऑफिसर , निज सचिव, सहायक अनुभाग अधिकारी, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, शीघ्रलेखक, स्टेनोटायपिस्ट, तकनीकी श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे.

कर्मयोगी क्षमता, कर्मचारियों को सशक्त बनाने में योग की भूमिका, परामर्श और अन्य सेवाओं के खरीद के लिए संविदा प्रबंधन, वस्तुओं की खरीद के लिए संविदा प्रबंधन, मप्र वित्तीय संहिता, टेण्डर प्रक्रिया, मप्र भंडार क्रय नियम-2015 संशोधित, वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली के तहत सर्विस मैनेजमेंट, ई-ऑफिस, पोर्टल:परिचय एवं दक्षता प्रशिक्षण, कैबिनेट संक्षेपिका, मप्र सिविल सेवा नियम 1996, मप्र मूलभूत नियम सरकारी सेवकों के अधिकार एवं दायित्व, मप्र सिविल सेवा आचरण नियम, कार्यस्थल पर यौना उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 और आईएफएमआईएम एकीकृत वित्तीय प्रबंधन और सूचना प्रणाली परिचय.

### उम्रदराज शासकीय सेवकों के लिए परेशानी

मंत्रालय में पदस्थ ऐसा स्टॉफ जिनकी उम्र अधिक हो गई है, विशेष रूप से ऐसे शासकीय सेवक जो कि 50 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरी कर चुके हैं, उनके लिए हाईटेक तरीके से ऑनलाइन ट्रेनिंग में हिस्सा लेना आसान नहीं होगा. अभी ऐसे शासकीय सेवक जैसे-तैसे ई-ऑफिस प्रणाली से जूझ ही रहे हैं और तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं, इस बीच अब 15 में से 6 कोर्स की एक वित्तीय वर्ष में ट्रेनिंग पूरा करने की अनिवार्यता ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है.

## घर की बाड़ी में उगा रहे थे गांजा, पुलिस का छापा

**सीधी.** जिले के थाना चुरहट पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ग्राम रामनगर वार्ड क्रमांक 11 में एक घर की बाड़ी में की जा रही गांजा की खेती का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से गांजा के 91 हरे पौधे बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्यामकली कचेर अपने घर के पीछे स्थित बाड़ी में अवैध रूप से गांजा की खेती कर रही है. सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक आशा सिलावट एवं एएसआई सुनील पाठक ने पुलिस टीम के साथ स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में छापामार कार्रवाई की. तलाशी के दौरान बाड़ी से गांजा के पौधे बरामद हुए.

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री ने दी करोड़ों की सौगात

उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे. इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरित किए गए तथा कृषि, प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने संबंधी संदेश दिया गया. मुख्यमंत्री ने किसानों से अधिक से अधिक श्रीअन्न की खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी, प्रदेश की कृषि और अधिक सशक्त होगी तथा मध्यप्रदेश देश के अग्रणी कृषि राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा.

### राज्यों के साथ मानसून पर पीएम मोदी ने की समीक्षा

उन्होंने राज्यों को उपलब्ध जल संसाधनों के संरक्षण और उनके प्रभावी उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी. विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से प्रशांत महासागर में अल नीनो की सक्रियता के कारण मानसून और वर्षा के पैटर्न पर संभावित प्रभाव की आशंका जताई गई है. इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने संबंधित विभागों और राज्य सरकारों को संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14